WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A./B.Com. Programme 4th Semester Supplementary Examination, 2021

HINLCOR02T-HINDI (MIL)

हिन्दी गद्य साहित्य

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 50

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए: $1\times5 = 5$

(क) 'गुण्डा' कहानी किस कहानी-संग्रह में संगृहीत है।

(ख) बालमुकुंद गुप्त द्वारा सम्पादित प्रत्रिका नाम लिखें।

(ग) 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' किस विधा की रचना है।

(घ) 'भारत-दुर्दशा' में कुल कितनें अंक है।

(ङ) 'दीपशिखा' के रचनाकार का नाम लिखें।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – $5\times3 = 15$

(क) हार-जीत की वस्तुएँ भी विचित्र होती थीं। कपड़ा, जूता, रुपया-पैसा, बर्तन आदि में जो हाथ में आया, वही दाँव पर रख दिया जाता था। कोई किसी की घरवाली की हँसुली जीत लेता और कोई किसी की पतोहू के झुमके। कोई अपनी बहन की पहुँची हार जाता था और कोई नातिन के कड़े। सारांश यह कि जुए के पहले चोरी-डकैती की आवश्यकता भी पड़ जाती थी।

(ख) बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है। बूढ़ी काकी में जिह्वा स्वाद के सिवा और कोई चेष्टा शेष न थी और न अपने कष्टों की ओर आकर्षित करने का, रोने के अतिरिक्त कोई दूसरा सहारा ही। समस्त इन्द्रियाँ, नेत्र, हाथ और पैर जवाब दे चुके थे। पृथ्वी पर पड़ी रहतीं और घर वाले कोई बात उनकी इच्छा के प्रतिकूल करतें, भोजन का समय टल जाता या उसका परिणाम पूर्ण न होता अथवा बाजार से कोई वस्तु आती और न मिलती तो ये रोने लगती थीं।

(ग) आपकी दृष्टि गिद्ध की सी होनी चाहिए, क्योंकि आप संपादक हैं, किन्तु आपकी दृष्टि गिद्ध की सी होने पर भी उस भूखे गिद्ध की सी निकली, जिसने ऊँचे आकाश में चढ़े-चढ़े भूमि पर गेहूं का एक दाना पड़ा हुआ देखा, पर उसके नीचे जो जाल बिछा रहा था, वह उसे न समझा। यहाँ तक कि उस गेहूं के दाने को चुगने के पहले जाल में फँस गया।

(घ) गणतंत्र-समारोह में हर राज्य की झाँकी निकलती है। ये अपने राज्य का सही प्रतिनिधित्व नहीं करतीं। 'सत्यमेव जयते' हमारा मोटो है मगर झांकियाँ झूठ बोलती हैं। इनमें विकास-कार्य, जनजीवन इतिहास आदि रहते हैं। असल में हर राज्य को उस विशिष्ट बात को यहाँ प्रदर्शित करना चाहिए जिसके कारण पिछले साल वह राज्य मशहूर हुआ।

(ङ) बहुत लोग यह कहेंगे कि हमको पेट के धंधे के मारे छुट्टी नहीं रहती बाबा, हम क्या उन्नति करै ? तुम्हरा पेट भरा है तुमको दून की सूझती है यह कहना उनकी भूल है। इंगलैण्ड का पेट भी कभी यों खाली था। उसने एक हाथ से पेट भरा, दूसरे हाथ से उन्नति की राह के कांसटों को साफ किया।

3. 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' में निहित व्यंग्य की। विवेचना कीजिए। 15

अथवा

कहानी कला के आधार पर 'गुण्डा' कहानी की समीक्षा कीजिए। 15

4. 'भारत दुर्दशा' में निहित राष्ट्रिय चेतना प्रकाश डालें। 15

अथवा

हिन्दी गद्य के रूपों का सामान्य परिचय दीजिए। 15

N.B. : *Students have to complete submission of their Answer Scripts through E-mail / Whatsapp to their own respective colleges on the same day / date of examination within* 1 *hour after end of exam. University / College authorities will not be held responsible for wrong submission (at in proper address). Students are strongly advised not to submit multiple copies of the same answer script.*

——×——